**भारत सरकार/ GOVT OF INDIA**
**सीमाशुल्क आयुक्त (एन एस -III) का कार्यालय,**
**OFFICE OF THE COMMISSIONER OF CUSTOMS (NS-III)**
**सीमाशुल्क मुंबई अंचल II , जवाहरलाल नेहरू सीमाशुल्क भवन**
**MUMBAI CUSTOMS, ZONE II, JAWAHARLAL NEHRU CUSTOM HOUSE**
**न्हावा शेवा, उरण, जिला रायगड , महाराष्ट्र/Nhava Sheva, Uran, Raigad, Maharashtra – 400707**

## सीमाशुल्क मुंबई, अंचल- II, एन एस -III आयुक्तालय की

## -: जनवरी-मार्च 2026 तिमाही की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक का कार्यवृत्त :-

सीमाशुल्क आयुक्तालय (एन एस -III), न्हावा शेवा की चौथी तिमाही की राजभाषा कार्यान्वयन समिति (OLIC) की बैठक दिनांक 11.02.2026 को प्रातः 12:00 बजे आयोजित की गई । बैठक में एन एस III कार्यालय के निम्नलिखित सदस्य उपस्थित थे ।

| क्रम संख्या | अधिकारियों के नाम<br>सर्वश्री/श्रीमती/सुश्री | पदनाम / Designation |
|---|---|---|
| 1. | विजय रिशी | प्रधान आयुक्त, सीमाशुल्क एवं अध्यक्ष |
| 2. | अरविन्द बी घुगे | अपर आयुक्त, सीमाशुल्क |
| 3. | अंकित | उप आयुक्त, सीमाशुल्क |
| 4. | पुष्पराज एम दहिवले | उप आयुक्त, सीमाशुल्क |
| 5. | किशोर एस पंडित | सहायक आयुक्त, सीमाशुल्क |
| 6. | सुरेन्द्र कुमार तिवारी | सहायक आयुक्त, सीमाशुल्क |
| 7. | सुनील कुमार सहारण | अधीक्षक (निवारक) |
| 8. | मोहित कुमार | अधीक्षक (निवारक) |
| 9. | आलोक शर्मा | अधीक्षक (निवारक) |
| 10. | संदीप कुमार गुप्ता | अधीक्षक (निवारक) |
| 11. | भलचंद्र कडू | अधीक्षक (निवारक) |
| 12. | अमन सीरवी | निरीक्षक (परीक्षक) |
| 13. | निखिल चोपड़ा | निरीक्षक (परीक्षक) |
| 14. | प्रियंका साखरकर | अधीक्षक (निवारक) |
| 15. | टीना छाबड़ा | कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी |
| 16. | रुचि मिश्रा | कनि. अनुवाद अधिकारी एवं सदस्य सचिव |

सदस्य सचिव के द्वारा उपस्थित अध्यक्ष महोदय एवं समिति के सदस्यों का स्वागत किया गया एवं अनुमति के साथ बैठक की कार्रवाई आरंभ की गई ।

**दिनांक 11.02.2026 को संपन्न बैठक में लिए गए निर्णय :-**

**बिन्दु 1) :** बैठक में आंतरिक राजभाषा निरीक्षण संबंधित बिन्दु पर निर्णय लिया गया कि हिन्दी फॉनेटिक का शत प्रतिशत प्रयोग एनएस III आयुक्तालय के प्रत्येक अनुभाग में सुनिश्चित किया जाए। अध्यक्ष महोदय ने इस कार्य के सफल कार्यान्वयन हेतु हिन्दी अनुभाग द्वारा परिपत्र जारी करने के आदेश दिए।

**(कार्रवाई : हिन्दी अनुभाग, सभी अनुभाग एन एस III)**

**बिन्दु 2) :** हिन्दी तिमाही प्रगति रिपोर्ट का तुलनात्मक अध्ययन - बैठक में विगत दो तिमाहियों की हिन्दी प्रगति रिपोर्ट पर चर्चा की गई एवं हिन्दी का कार्य प्रतिशत बढ़ाने के लिए किये जाने वाले प्रयासों का सुझाव दिया गया।

**(सूचनार्थ - सभी अनुभाग, एन एस III)**

**बिन्दु 3) :** एमआईएस (MIS) रिपोर्ट संबंधित : बैठक में अध्यक्ष महोदय द्वारा यह निर्देश दिए गए कि ई- ऑफिस में हिन्दी टिप्पणी को प्रोत्साहन दिया जाए। एमआईएस रिपोर्ट का आंकड़ा तैयार किया जाए जिससे कि हिन्दी टिप्पण प्रशिक्षण के पूर्व एवं बाद की स्थिति का अवलोकन किया जा सके।

**(कार्रवाई - हिन्दी अनुभाग, एन एस III)**

**बिन्दु 4) :** द्विभाषिकरण संबंधित : बैठक में अध्यक्ष महोदय द्वारा हिन्दी में पत्राचार बढ़ाने हेतु सभी अनुभागों के धारा 3(3) के दस्तावेजों को द्विभाषी करने के आदेश दिए।

**(कार्रवाई - हिन्दी अनुभाग, एन एस III)**

**बिन्दु 5) :** राजभाषा अधिकारी का नामांकन : अध्यक्ष महोदय द्वारा इस विषय पर निर्णय लिया गया कि इन-सीटू कार्यभार जारी रहेगा।

**(सूचनार्थ - सभी अनुभाग, एन एस III)**

**बिन्दु 6) :** अध्यक्ष महोदय द्वारा तकनीकी एवं गैर-तकनीकी कार्यों से संबंधित निर्णय लिया गया कि इन कार्यों में तकनीकी दस्तावेजों के आवश्यक भाग ही द्विभाषी किये जाएंगे एवं उन्हें हिन्दी में गिना जाएगा।

**(कार्रवाई : हिन्दी अनुभाग, सभी अनुभाग एन एस III)**

**बिन्दु 7) :** कार्यशाला आयोजन : बैठक में अध्यक्ष महोदय द्वारा जनवरी-मार्च तिमाही में आयोजित होने वाली कार्यशाला से संबंधित आदेश दिए गए कि कार्यशाला हेतु अधिकारियों का नामांकन संबंधित अनुभाग के सहायक आयुक्त द्वारा दिया जाएगा जिससे कि कार्यशाला में अधिकारियों की उपस्थिति सुनिश्चित की जा सके।

**(कार्रवाई : हिन्दी अनुभाग, सभी अनुभाग एन एस III)**

बैठक में अन्य कोई विषय शेष न होने के कारण अध्यक्ष महोदय तथा सदस्यों के प्रति धन्यवाद प्रकट करते हुए बैठक दोपहर 12:30 बजे सम्पन्न हुई ।

Digitally signed by
Venkatesh S
Date: 18-02-2026
15:24:46

**श्री वेंकटेश एस**
**(आयुक्त सीमाशुल्क, इन-सीटू)**